(ii) Penalty against shortfall in performance

The Contractor agrees to pay to the Electricity Corporation Tripoli the following sums;

(a) LD 35,000 for each tenth of one percent or fraction thereof that the Continuous Net Power Output of the unit is less than the above guaranteed value.

(b) LD 10,600 for each tenth of one percent or fraction thereof that the Net Overall Plant Heat Rate is worse than the above guaranteed value.

नये "स्पिनिंग रिंग फ्रेम" की लागत

5066. **श्री मदन तिवारी :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्णतया नये "स्पिनिंग रिंग फ्रेम" की लागत क्या है ; और

(ख) पुराने रिंग-फ्रेम का, जब उसकी बिक्री उसके वजन के अनुसार की जाती है, मूल्य कितना है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा माइति) : (क) 440 स्पिण्डिल के नये रिंग फ्रेम की कीमत मोटर, स्टार्टर तथा परदों आदि जैसे उपांगों को छोड़कर लगभग 1.76 लाख रुपये है ।

(ख) पुराने रिंग फ्रेम की कोई स्टैंडर्ड कीमत नहीं है तथा यह क्रेता तथा विक्रेता के द्वारा तय की जाती है । तथापि, यह समझा जाता है रिंग फ्रेम अवशेषों की कीमत 5,000 और 10,000 रुपयों के रेंज में होगी ।

छोटे समाचारपत्रों, पत्रिकाओं और मैगजीनों को सरकारी विज्ञापन

5067. **श्री शरद यादव :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि गत बारह महीनों में बड़े समाचारपत्रों और छोटे समाचारपत्रों को दिये गये विज्ञापनों की कीमत और गत दो वर्षों में उनको दिये गये विज्ञापनों की कीमत का अनुपात क्या था ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : सूचना लघु, मझोली और बड़ी श्रेणियों में समाचारपत्रों को उनकी परिचालन संख्या के अनुसार रिलीज किए जाने वाले विज्ञापनों के आधार पर रखी जाती है । गत तीन वर्षों के संगत आंकड़े इस प्रकार हैं :—

क्रम सं०	श्रेणी	स्थान कालम सेंटीमीटरों में	प्रतिशतता	लागत रुपयों में	प्रतिशतता
			1975–76		
1.	लघु	28,29,669	62.22	70,96,877	32.16
2.	मझोली	10,60,310	23.32	63,24,676	28.66
योग 1 और 2		38,89,979	85.54	134,21,553	60.82
3.	बड़ी	6,57,479	14.46	86,47,244	39.18
योग 1, 2 और 3		45,47,458	100.00	220,68,897	100.00

1	2	3	4	5
		1976–77		
1. लघु .	29,88,201	67.92	87,16,611	36.96
2. मझौली .	8,37,575	19.04	57,21,931	24.26
योग 1 और 2 :	38,25,776	86.96	144,38,542	61.22
3. बड़ी .	5,74,154	13.04	91,48,080	38.78
योग 1, 2 और 3	43,99,930	100.00	235,86,622	100.00
		1977–78		
1. लघु .	16,34,853	49.48	51,76,845	22.10
2. मझौली .	9,35,319	28.31	64,01,451	27.33
योग 1 और 2 :	25,70,172	77.79	115,78,296	49.43
3. बड़ी .	7,34,048	22.21	118,43,373	50.57
योग 1, 2 और 3	33,04,220	100.00	234,21,669	100.00

टिप्पणी 1 : लघु : 15,000 तक की परिचालन संख्या वाले समाचारपत्र ।

मझौले : 15,000 और 50,000 के बीच की परिचालन संख्या वाले समाचार-पत्र ।

बड़े : 50,000 से अधिक की परिचालन संख्या वाले समाचारपत्र ।

टिप्पणी 2: संसद में 17 नवम्बर, 1977 को घोषित की गई विज्ञापन नीति के अनुसार, 2,000 से कम परिचालन संख्या वाले समाचारपत्र सरकारी विज्ञापनों के लिए अपात्र हो गए । इसके परिणामस्वरूप, काफी संख्या में लघु समाचारपत्र विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय की माध्यम सूची में से निकाल दिए गए जिसके कारण 1977–78 के दौरान लघु समाचार-पत्रों के हिस्से में कमी हुई । अन्य कारण था सजाव टी विज्ञापनों पर व्यय पिछले वर्ष के 115,97,018 रुपए के स्तर से घटकर 1977–78 के दौरान 85,84, 182 रुपए हो जाना ।